ई०टी० एण्ड टी० कारपोरेशन लिमिटेड की बट्टे खाते डाली गई सामग्रियां

1969. **श्री ए० नल्लासिवम:** क्या प्रधान-मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकारी क्षेत्र की एक रुग्ण इकाई, ई० टी० एण्ड टी० कारपो-रेशन लिमिटेड के पास अप्रचलित और समय-समय पर बट्टे खाते डाले गए इलेक्ट्रानिक सामान का अंबार लगा हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो गत 10 वर्षों के दौरान बट्टे खाते डाली गई सामग्री का ब्यौरा क्या है और उसका विदेशी मुद्रा में मूल्य कितना है और उस सामग्री के आयात किये जाने के क्या कारण थे ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्यमंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री का तथा इलेक्ट्रानिकी विभाग और महासागर विकास विभाग में राज्यमंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एच० आर० भारद्वाज): देखिये

(क) ई टी एण्ड टी ने समय-समय पर अप्रचलित वस्तुओं के भण्डार को बट्टे खाते में डाला है।

(ख) पिछले 10 वर्षों (1983-84 से 1992-93 तक) के दौरान बट्टे खाते में डाली गई वस्तुओं का वर्षवार मूल्य विवरण में दिया गया है। (नीचे देखिये) पांच वर्षों (1988-89 से 1992-93 तक) के दौरान बट्टे खाते डाली गई सामग्रियों के मोटेतौर पर वर्गीकरण का ब्यौरा अनुबन्ध में दिया गया है। (देखिये परिशिष्ट 169 अनुपत्र सं० 44)। चूंकि बट् खाते मे डाली गई सामग्रियां काफी मात्रा में है, अतः वर्ष 1988-89 की अवधि से पहले की सूचना तत्काल उपलब्ध नहीं है।

विवरण

पिछले 10 वर्षों के दौरान बट्टे खाते में डाले गई स्टॉक की राशि के ब्योरे

वित्तीय वर्ष जिसमें बट्टे खाते में डाला गया	राशि (लाख रुपये में)
1983-84	4.38
1984-85	8.66
1985-86	85.15
1986-87	23.23
1987-88	30.98
1988-89	152.01
1989-90	5.40
1990-91	99.97
1991-92	शून्य
1992-93	शून्य